C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
6.4.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

Web: www.nyaysakshi.com | 4 में पढ़ें- देश-विदेश की खबरें .... | 6 में पढ़ें- फिल्मी मनोरंजन ....

» वर्ष-2 » अंक - 17 »



# काला हिरण केस : दबंग खान को 5 साल की सजा, 10 हजार रुपये जुर्माना





जोधपुर। 20 साल पुराने काला हिरण शिकार मामले में जोधपुर कोर्ट ने सलमान खान को पांच साल की सजा सुनाई है. अन्य आरोपियों सैफ अली खान, नीलम, तब्बू और सोनाली बेंद्रे को बरी कर दिया गया है.

28 मार्च को इस मामले में आखिरी सुनवाई हुई थी. इसके बाद मुख्य न्यायधीश देव कुमार खत्री ने फैसला सुरक्षित रख लिया था.

फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' की शूटिंग के दौरान सन् 1998 में उन पर दो काले हिरणों के शिकार का मामला दर्ज किया गया था.

यदि उन पर लगे आरोप साबित होते हैं, तो उन्हें अधिकतम छह साल की सजा हो सकती है. सलमान के अलावा उनके को-एक्टर्स सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, तब्बू और नीलम भी इस मामले में आरोपी हैं. वे भी कुछ ही देर में कोर्ट पहुंचने वाले हैं. वहीं इस मामले में जब सलमान खान के पिता और मशहूर लेखक सलीम खान से न्यूज18 इंडिया ने बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने किसी भी सवाल का कोई जवाब नहीं दिया.

ट्रेड एनालिस्ट कोमल नहाटा के अनुसार सलमान के करियर के लिए बेहद अहम है साल 2018. बड़े बजट की तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं. यदि सलमान खान को तीन साल से ज्यादा की सजा होती है, तो उनकी आने वाली फिल्म रेस-3 पर अटक सकती है.

## हाई सिक्योरिटी सेल में रखा जाएगा सलमान खान को!

काला हिरण शिकार केस में फिल्म अभिनेता सलमान खान को दोषी करार देते हुए 5 साल की सजा सुनाई गई है.जोधपुर जेल के डीआईजी विक्रम सिंह ने कहा कि इस फैसले के मद्देनजर कल से ही जेल में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम कर दिए गए हैं. जेल के बाथरूम अच्छी स्थिति में हैं. जेल के अंदर सलमान को वही खाना दिया जाएगा, जो अन्य कैदियों को दिया जाता है. उनको हाई सिक्योरिटी सेल में रखा जाएगा, जहां आसाराम पहले से मौजूद हैं. सलमान काले हिरण के शिकार मामले में साल 2006 में भी जोधपुर की जेल में रहे थे. जेल से आने के बाद एक पुराने इंटरव्यू में जेल के अंदर हुई दिक्कतों के बारे में बताया था.

## सलमान चाहते थे 'चट सजा, पट जमानत', कोर्ट ने नहीं सुनी अर्जी

नई दिल्ली। काला हिरण शिकार मामले में सलमान खान को स्थानीय अदालत ने पांच साल की कैद की सजा सुनाई है. सलमान को 10 हजार रुपये का जुर्माना भी भरना पड़ेगा.

चूंकि सजा तीन साल से ज्यादा है इसलिए उन्हें जमानत के लिए ऊपरी अदालत जाना होगा. यानी आज की रात सलमान को जोधपुर जेल में ही गुजारनी होगी क्योंकि सेशन कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई कल होगी.

## फैसला सुनते ही बेचैन हुए सलमान

काला हिरण शिकार मामले में एक्टर सलमान खान दोषी करार दिए गए हैं. इसके साथ अन्य सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है. उन्हें दो साल की सजा हुई है. अब सलमान को जेल नहीं जाना पड़ेगा.

सुनवाई के दौरान सलमान के चेहरे पर बेचैनी साफ दिखाई दी. कोर्ट रूम में उनकी कुर्सी के पास दोनों बहनें भी ख?ी थी. जैसे ही जज ने फैसला सुनाया सलमान गर्दन झुकाकर कुर्सी पर बैठ गए. वो बहुत दुखी दिखाई दे रहे थे.

बताया जा रहा है कि कोर्ट रूम में सलमान के वकील हस्तीमल सारस्वत ने 15 मिनट तक अपना पक्ष रखा. इसके बाद जज देव कुमार खत्री ने सलमान से पूछा कि, आरोप पर आपका क्या कहना है?

इस पर सलमान ने कहा कि, मेरे ऊपर लगे आरोप बेबुनियाद हैं. मैं इनसे सहमत नहीं हूं.

## फैसले से पहले जज के सामने सलमान ने कहा, मैं बेगुनाह हूं

काले हिरण के शिकार के मामले में जोधपुर कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने सलमान खान को दोषी करार दिया है, वहीं मामले में अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। बताया जा रहा है कि कोर्ट रूम में जज के पहुंचने के बाद सलमान खान ने खड़े होकर खुद के बेगुनाह होने की बात कही। इस केस में सलमान के अलावा सैफ अली खान, तब्बू, नीलम, सोनाली बेंद्रे और एक स्थानीय व्यक्ति आरोपी हैं। फैसले से पहले कोर्ट पहुंचने वालों में सलमान खान सबसे आगे थे। इस दौरान उनकी बहन अलवीरा और अर्पिता भी उनके साथ मौजूद थी।

## एक नजर......

### पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोकेगी सरकार

**रावी-ब्यास बैराज-2 बनाने का आग्रह**

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा सरकार पाकिस्तान जाने वाले पानी को प्रदेश में लाने की कवायद में जुट गई है. प्रदेश की भाजपा सरकार सतलुज ब्यास और रावी का पानी पंजाब के रास्ते हरियाणा में लाना चाहती है. इसके लिए प्रदेश सरकार पंजाब सरकार से रावी ब्यास बैराज - 2 के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने का आग्रह करेगी. इस बैराज के बनने से हरियाणा और पंजाब के साथ राजस्थान को भी पानी मिलेगा.

अगर हरियाणा सरकार की परियोजना सिरे चढी तो फिर सालों से प्यासी प्रदेश की धरती की प्यास पाकिस्तान जाने वाले पानी से बुझेगी. खासकार रोहतक में एग्री लीडरशिप सम्मिट के दौरान केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा पाकिस्तान का पानी हरियाणा में लाए जाने के बयान के बाद हरियाणा सरकार और भाजपा हरकत में आ गए हैं.

### सीनियर डॉक्टर ने डिनर के बहाने जूनियर से किया रेप, हुआ गिरफ्तार

नई दिल्ली। देश की राजधानी में एक बार फिर ऐसी घटना हुई है, जिसने लोगों को शर्मसार कर दिया है। इस बार मामला किसी बस या चौराहे का नहीं है बल्कि इस बार मामला पढ़े लिखे लोगों का है। दरअसल दिल्ली में एक इंटर्न डॉक्टर ने अपने ही सीनियर डॉक्टर के खिलाफ रेप करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार रात को सीनियर डॉक्टर ने अपने अंडर में इंटर्न करने वाली डॉक्टर को हिंदू राव हॉस्पिटल डिनर के लिए बुलाया था। पीड़िता का कहना है कि जैसे ही वो वहां पहुंची डॉक्टर ने उसके साथ रेप किया। इसके बाद बुधवार को पीड़िता ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और सीनियर डॉक्टर को अरेस्ट कर लिया।

### मैं वेतन लेने से इनकार नहीं कर सकता

**सांसदों के सैलरी ना लेने पर स्वामी का बयान**

नई दिल्ली (आरएनएस)। बीजेपी और एनडीए के सांसदों द्वारा विपक्ष पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाते हुए 23 दिन की सैलरी और अन्य भत्ते ना लेने के ऐलान के बाद राजनेताओं की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है. इस कड़ी में बीजेपी के ही राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है वह अपनी सैलरी और भत्ते लेंगे. स्वामी ने कहा, मैं रोज़ाना संसद जाता था, अगर सदन नहीं चलता है तो इसमें मेरी गलती नहीं है. स्वामी ने कहा, मैं सदन में राष्ट्रपति का प्रतिनिधि हूं और जब तक वह ऐसा नहीं कहेंगे, मैं वेतन लेने से इनकार नहीं कर सकता हूं.

### युवक ने किया तीन साल की बच्ची का बलात्कार

रामपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में एक 3 साल की बच्ची के साथ बलात्कार किये जाने का मामला सामने आया है। रामपुर के टांडा इलाके में एक 18 साल के लड़के द्वारा एक तीन साल की बच्ची को अगवा कर उसका बलात्कार किये जाने की बात सामने आई है, जिसके बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक टांडा के रहने वाले अंकुल सिंह नाम के एक 18 वर्षीय युवक अंकुल सिंह उर्फ अंकुर पर उसके पड़ोस में रहने वाली एक 3 साल की बच्ची से बलात्कार का आरोप लगाया गया है। पुलिस के मुताबिक अंकुल पर आरोप है कि उसने अपने पड़ोस की एक तीन साल की बच्ची को चॉकलेट देने के बहाने अपने पास बुलाया और फिर उसके साथ बलात्कार किया। इस घटना के बाद जब बच्ची ने दर्द और डर के कारण चिल्लाना शुरू किया तो अंकुल ने पहले उसे एक बक्से में बंद किया और फिर मौके से फरार हो गया।

### केन्द्रीय विवि के छात्र ने हास्टल में की आत्महत्या

बिलासपुर। गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले बीएससी के प्रथम वर्ष के छात्र ने आज सुबह छात्रावास में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बताया जाता है कि कल रात छात्र अपने दोस्तों के साथ भोजन किया और सुबह भी उनके साथ नाश्ता किया था। छात्र का रूम पार्टनर कालेज गया था इस बीच छात्र ने कमरे में फांसी लगा लिया। जिस समय यह घटना हुई कमरे में कोई नहीं था। एक दूसरे सीनियर छात्र ने इस घटना को देखा और कालेज प्रबंधन को घटना की जानकारी दी।

### जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों के लिए बनेंगे बंकर

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में सरकार सीमा से लगे उन 5 जिलों के परिवारों के लिए 13,029 बंकर बनाएगी, जो पाकिस्तान द्वारा सीजफायर के उल्लंघन के वक्त निशाने पर रहते हैं। बता दें कि ये बंकर सांबा, पुंछ, जम्मू, कठुआ और राजौरी में बनेंगे। इन जिलों में सरकार 1,431 अन्य बड़े कम्युनिटी बंकर भी बनाएगी, जिनमें से हर एक बंकर की क्षमता 40 लोगों को सुरक्षित ठिकाने मुहैया कराने की होगी।

## पेंशन के लिए मां की लाश को 3 साल तक फ्रीजर में रखा सुरक्षित

**अंगूठे का निशान लेकर हर महीने निकालता था पेंशन**


कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक शख्स ने पेंशन लेने के लिए अपनी मां की लाश को तीन साल तक फ्रीजर में सुरक्षित रखा था. पुलिस के मुताबिक, महिला को हर महीने 50 हजार रुपये पेंशन मिलते थे. साल 2015 में उनकी मौत हो गई. लेकिन, उसके बेटे ने उनका अंतिम संस्कार नहीं किया. मां की लाश को घर में ही छिपा कर रखा.

बॉडी सड़े-गले न इसके लिए उसपर केमिकल एम्बामिंग यानी लेप भी किया गया था. हर महीने आरोपी बेटा मां के अंगूठे के निशान लेता और पेंशन निकाल लेता. पुलिस ने फ्रीजर से बॉडी बरामद की है. आरोपी बेटे से पूछताछ की जा रही है.

**क्या है पूरा मामला?**

आरोपी का नाम सुब्रतो मजूमदार है. वह पेशे से लेदर टेक्नोलॉजिस्ट है. उसकी मां बीना मजूमदार फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया में ऑफिसर थीं. रिटायरमेंट के बाद सरकार से उन्हें 50 हजार की पेंशन मिलती थी.

## बीएसपी में कोयला चोरी का बड़ा खुलासा : करोड़ों रुपए के 150 टन कोयला जब्त



**मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार**

भिलाई (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के इस्पात नगरी भिलाई में बीएसपी से कोयला चोरी के अवैध कारोबार बड़ा मामला प्रकाश में आया है। दुर्ग पुलिस ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई में दुर्ग पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपियों के पास से एक करोड़ का अवैध कोयला बरामद किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक जेपी नगर छावनी स्थित संजीव (संजू) डागा की मारुति इंटरप्राइजेस गोदाम में छावनी पुलिस ने अचानक दबिश दी. जहां से करीब 150 टन चोरी का कोयला जब्त किया है. जिसकी अनुमनित कीमत एक करोड़ बतायी जा रही है आरोपी बीएसपी से बोरों में चोरी कर कोयला को भर रहे थे। बीएसपी और रेलवे यार्ड में चोरी कर लाता है, मुख्य आरोपी द्वारा इस कार्य को करने के लिए बाकायदा अपने लोगो से काम करता था , जो चोरी कर कोयला इसकी गोदाम तक पहुंचाते हैं. इसमें चार आरोपियों को पुलिस ने मौके से रंगे हाथ दबोच लिया पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 41 (1,4) 379 के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया है.

## तस्वीर वायरल : पहले राजपूत और अब दलित बन गया ये एक ही लड़का!

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के एससी/एसटी एक्ट में बदलाव किए जाने के बाद से ही दलित समाज पूरे देश में हिंसा कर रहा है। बीते दो दिन पूरे भारत में हिंसा का माहौल रहा। हिंसा के दौरान 12 राज्यों में आगजनी की गई, तोड़फोड़ की गई। जिसके चलते करीब 12 लोगों की मौत हो गई। इसी दौरान सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में एक लड़का नजर आ रहा है। जो एक तरफ पद्मावत का विरोध कर रही करणी सेना के साथ भी नजर आ रहा है। वहीं दूसरी तरफ वो दलित प्रदर्शकारियों के बीच भी नजर आ रहा है। एक तस्वीर में वो सिर पर केसरिया रंग का पट्टा बांधे हुए है तो दूसरी तस्वीर जो दलित हिंसा की सामने आई है उसमें वो नीले रंग का पट्टा बांधे हुए है। एक ट्विटर यूजर ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए लिखा है कि ये शख्स करणी सेना प्रदर्शन के दौरान राजपूत था और अब भीम आंदोलन में ये दलित बनकर प्रदर्शन कर रहा है।



## गरीब को समर्पित हमारी सरकार,आंबेडकर के दिखाए रास्ते पर चल रहे हैं हम - प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। देश भर में चल रहे दलित आंदोलन के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने विचार रखे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सरकार को आखिरी छोर पर बैठे गरीब को समर्पित बताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ये भी कहा कि डॉ आंबेडकर का जितना सम्मान उनकी सरकार ने किया है साथ ही किसी सरकार ने किया हो। विपक्ष पर आरोप लगाते हुए पीएम ने कहा कि दूसरी पार्टियां सिर्फ बाबा साहब आंबेडकर का नाम लेती हैं लेकिन हम उनके दिखाए रास्ते पर चलते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर को शायद किसी सरकार ने इतना मान सम्मान श्रद्धांजलि नहीं दी होगी जितनी इस सरकार ने दी है। और इसलिए बाबा साहब को राजनीति में घसीटने की बजाए बाबा साहब आंबेडकर ने जो रास्ते हमें दिखाए हैं उस पर हम सब चलने का प्रयास करेंगे।



## फिलीपींस में 5.9 तीव्रता का भूकंप

फिलीपींस के पूर्वी तट पर गुरुवार को भूकंप के झटके दर्ज हुए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.9 दर्ज हुई।'एफे' के अनुसार, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने बताया कि भूकंप का अवकेंद्र (भूकंप की उतपत्ति का स्थान) 64 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

C M Y K